# नहीं खत्म हो रही रसोई गैस बुकिंग की समस्या

▶ एजेंसी के बाहर कतार में लगना उपभोक्ताओं की है मजबूरी ▶ नंबर डायल करने पर नहीं मिल रहा मैसेज

- जहांगीराबाद में लगी रही दिनभर लाइन
- बिना मैसेज के नहीं माना जाती है बुकिंग

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 मार्च. राजधानी के जहांगीराबाद की गैस एजेंसियों पर शुक्रवार को भी उपभोक्ताओं की भीड़ रही. गैस एजेंसियों पर उपभोक्ता गैस कनेक्शन की पास बुक के साथ लाइन में लगे दिखाई दिए.**

यह स्थिति ईरान और इजरायल के बीच चले आ रहे युद्ध की वजह से बन रही है. दोनों देशों के युद्ध की वजह से समुद्र के रास्ते आने वाले जहाजों की समस्या बढ़ गई है. शहर में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए पुलिस ने मुख्य मार्गों पर वाहन चैकिंग की जगह अब गैस सिलेडर ले जाने वालों को रोककर पूछताछ कर रही है. राजधानी में गैस वितरण को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चर्चा उपरांत शहर की सभी 38 गैस एजेंसियों और उनके गोदामों पर नजर रखने के लिए 22 अधिकारियों को नियुक्त किया है, जिसमें एसडीएम, पुलिस, कृषि विभाग, सीपीए के साथ जिले में पदस्थ अन्य विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है.




## विनीत गैस एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश

एसडीएम एमपी नगर एलके खरे ने जंबूरी मैदान स्थित विनीत गैस एजेंसी का आकस्मिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान गोदाम के अंदर 51 बड़े कमर्शियल सिलेंडर, 147 पांच किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर तथा 18 प्लास्टिक कमर्शियल सिलेंडर भरे हुए पाए गए. इसके अतिरिक्त घरेलू श्रेणी के 535 भरे हुए तथा 823 खाली सिलेंडर पाए गए. निरीक्षण के समय फूड इंस्पेक्टर प्रवीण भी उपस्थित रहे.

## इनका कहना है




8 दिन पहले गैस सिलेंडर बुक किया था, . जिसका भुगतान भी किया जा चुका है. रोज चक्कर लगा रहे हैं. अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है. अभी फिर से कल आने का बोला जा रहा है.

**- मोहम्मद परवेज खान,** जोगी पूरा बरखेड़ी,



दो दिन से ऑनलाइन बुक कर रहे हैं, लेकिन नहीं हो रहा है. इसलिए एजेंसी पर सीधे पर्ची कटवा ने आए हैं,

**सनी,** बरखेड़ी भोपाल



सुबह से रिफिल ऑनलाइन बुक नहीं हो रही है. इसलिए ऐजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने आना पड़ा है.

**- आत्माराम,** सुभाष नगर



पहले तीन मार्च को बुक किया था, जिसका भुगतान 858 रुपए किया था, उसके बाद 7 मार्च को ऑटोमेटिक 918 रुपए जनरेट हुआ, फिर भी अभी तक सिलेंडर नही मिला है.

**- साफी अहमद,** निजामुद्दीन कॉलोनी



## कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने किया गोदामों को निरीक्षण

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह शुक्रवार को शहर में रसोई गैस वितरण व्यवस्था को देखने के लिए गैस गोदामों और एजेंसियों का निरीक्षण किया. उन्होंने गैस वितरण की मैदानी हकीकत को देखा. उसके बाद उन्होंने जिले में एलपीजी सहित अन्य ईंधनों के परिवहन,भंडारण और वितरण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने कहा कि भोपाल में घरेलू गैस की कमी नहीं है, जनता को गैस की समस्या नहीं आने दी जाएगी.

## कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

राजधानी में गैस वितरण को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चर्चा उपरांत शहर की सभी 38 गैस एजेंसियों और उनके गोदामों पर नजर रखने के लिए 22 अधिकारियों को नियुक्त किया है, जिसमें एसडीएम, पुलिस, कृषि विभाग, सीपीए के साथ जिले में पदस्थ अन्य विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है. वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं में सप्लाई निरंतर जारी रहेगी लेकिन होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र, फैक्ट्री आदि पर गैस सप्लाई का प्रतिबंध रहेगा.

## एक दर्जन अधिक गैस एजेंसियों पर कार्रवाई

अतिरिक्त कलेक्टर सुमित कुमार पाण्डे ने शुक्रवार को सुबह से शहर की गैस एजेंसियों का निरीक्षण किय. इस दौरान एक दर्जन से अधिक गैस एजेंसियों पर गैस वितरण और भंडारण में अनियमितताएं पाई गई. जिसमें बैरागढ़ स्थित ममता गैस एजेंसी,जम्बूरी मैदान विनीत गैस एजेंसी, बैरसिया इंडेन गैस एजेंसी अन्य एजेंसियों पर कार्रवाई की गई. इस दौरान पाण्डे ने जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए.

## 25 सिलेंडरों से भरी पिकअप जब्त, कालाबाजारी की आशंका

कोलार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कालाबाजारी कर सिलेंडरों से भरी एक पिकअप वाहन को पकड़ा है. वाहन में 25 सिलेंडर पाए गए, जिनके संबंध में मौके पर कोई रिकॉर्ड या दस्तावेज नहीं मिले है. आरोपियों से पूछताछ जारी है.

# नगर निगम में लोकायुक्त पुलिस के छापे से हड़कंप

- करोड़ों रुपये के फर्जी बिल भुगतान का मामला
- अपर आयुक्त और कर्मचारियों पर केस दर्ज
- लेखा शाखा के रिकॉर्ड और हार्ड डिस्क जब्त

**भोपाल, 13 मार्च. नगर निगम में लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को छापे की कार्रवाई की. यह छापे कार्रवाई कम्प्यूटर शाखा और लेखा शाखा में की गई. नगर निगम में फर्जी बिलों से भुगतान की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय को मिली थी. यह कार्रवाई उसी शिकायत के आधार पर की गई है. इस कार्रवाई में लेखा शाखा के रिकॉर्ड और कंप्यूटर की हार्ड डिस्क जब्त की गई हैं.**

जांच में करोड़ों रुपये के फर्जी बिल भुगतान करने की बात भी सामने आई है. लोकायुक्त पुलिस ने अपर आयुक्त लेखा व इसमें लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है. फर्जी बिल भुगतान के मामले में लगभग आधा दर्जन से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पर गाज गिर सकती है. इस मामले में लेखा शाखा के अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर के साथ उनके सहयोगी कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी. अभी आगे जांच चल रही है. यह कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देशन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक बीएम द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक आरके सिंह, निरीक्षक कवीन्द्र सिंह चौहान, निरीक्षक रजनी तिवारी ने की.

> हमारे यहां पर नगर निगम के लेखा शाखा और कंप्यूटर से फर्जी बिलों के भुगतान की शिकायत मिली थी, उसी के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. अपर आयुक्त वित्त गुणवंत सेवतकर व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. अभी जांच जारी है.
>
> **योगेश देशमुख,** डीजी लोकायुक्त भोपाल

## शिकायत में परिचितों और रिश्तेदारों को फर्जी भुगतान

लोकायुक्त में की गई शिकायत में बताया कि नगर निगम में लेखा शाखा द्वारा बिना कार्य के फर्जी ई बिल तैयार कर एसएपी सॉफ्टवेयर के माध्यम से करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान किये गये है. बिलों में हेरफेर कर नये मद बनाकर, बिना काम कराये बिलों का भुगतान अपने परिचितों एवं रिश्तेदारों की बनायी गई फर्मों को भुगतान किया गया है. इन फर्जी बिलों का भुगतान कर विभाग के अधिकारी कर्मचारी कमीशन बांट लेते थे. निगम द्वारा संचालित वाहनों की मरम्मत के फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर कमीशन लेते हैं.

# विश्वविद्यालयों की बाउंड्रीज हों दुरुस्त

## आवारा पशुओं से संरक्षण को उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 मार्च. प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों में लंबे समय से घूम रहे आवारा पशु अब सरकार की चिंता का विषय बन गए हैं. कई कैंपसों में छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं लेकिन रास्ते में बैठे मवेशी और घूमते कुत्ते उन्हें असहज कर देते हैं. लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है.**

विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी कर कहा है कि परिसर में आवारा पशुओं की आवाजाही पर तुरंत नियंत्रण किया जाए. साथ ही विभाग ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि इस दिशा में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से भेजी जाए. वहीं विभाग ने 16 मार्च तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं लागू करने के आदेश भी दे दिए हैं. फिलहाल ये निर्देश प्रदेश के 18 शासकीय विश्वविद्यालयों को भेजे गए हैं.

### इन्हें दिए निर्देश

- बरकतउल्लाह विवि, भोपाल
- अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल
- मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल
- राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल

### विषय बदलकर नहीं ले सकेंगे स्नातक कोर्स में प्रवेश

शिक्षा विभाग की नई व्यवस्था के अनुसार आने वाले सत्र में 12वीं का छात्र गणित या विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होने पर स्नातक में कला या किसी अन्य क्षेत्र में सीधे तौर पर प्रवेश नहीं ले सकता. बता दें प्रदेश में अंडर ग्रेजुएट कोर्स में विषय बदलकर पढ़ाई करने की योजना बना रहे छात्रों के लिए अब नई शर्त लागू होने जा रही है. अब ऐसे छात्रों को पहले पात्रता परीक्षा पास करनी होगी. इसके बाद ही वे नए विषय में प्रवेश ले सकेंगे. क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग फिलहाल इस व्यवस्था को लागू करने के लिए राज्य स्तरीय एकीकृत परीक्षा कराने की तैयारी में है.

# टेलीग्राम ऐप पर पेपर वायरल करने वाला जालसाज गिरफ्तार

- साइबर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 मार्च. साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल ने राजगढ़ से एमपी बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के साथ जालसाजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो का उपयोग कर टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर बच्चों को 10वीं और 12वीं का पेपर देने का झांसा देकर रुपये ऐंठे थे.**


पुलिस के मुताबिक आरोपी अरूण मालवीय ने टेलीग्राम एप पर एमपी बोर्ड पेपर लीक नाम का ग्रुप बनाकर उसमें 10-१२वीं के बच्चों को वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर 500 से 1000 रुपये खातों में ले रहा था. अरुण ने इसके लिए प्राइवेट ग्रुप में एड कर प्रश्न पत्र उपलब्ध करा रहा था. मिलने वाले रुपये टेलीग्राम के माध्यम से प्राप्त फर्जी खातों में क्यूआर कोड के माध्यम से वह ले रहा था. विद्यार्थियों के साथ हो रहे फर्जीवाड़े की जानकारी साइबर क्राइम ब्रांच को मिली. पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की. साइबर क्राइम जिला भोपाल की टीम ने टेलीग्राम एप पर दिखे इस ग्रुप के आरोपी को ग्राम खुजनेर जिला राजगढ़ से गिरफ्तार किया गया.

# शिकायतें कॉल सेंटर में हों दर्ज : गर्ग

- बिजली कंपनी के कॉल सेन्टर का निरीक्षण

**भोपाल 13 मार्च. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एक उपभोक्ता उन्मुखी कंपनी है. वह गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ ही उच्च स्तर की उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता में शामिल है. इसी दिशा में कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि उपभोक्ताओं से जुड़ी वह सभी शिकायतें कॉल सेन्टर में दर्ज हों जिनका उपभोक्ताओं को सामना करना पड़ता है.**

इससे एक ओर उपभोक्ताओं को बिजली दफ्तर में कम से कम आने की जरूरत पड़ेगी दूसरी ओर उपभोक्ता संतुष्टि में भी वृद्धि होगी. इससे कंपनी को लाभ मिलेगा. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गोविन्दुपरा स्थित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के केन्द्रीय कॉल सेन्टर (1912) के निरीक्षण के दौरान कहीं. इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार वास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (ओएंडएम) आरके अग्रवाल, महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) अभिषेक मार्तण्ड और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर की कार्यप्रणाली व उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली.



> प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया मध्यप्रदेश शासन की लोकसेवा गारंटी में बिजली उपभोक्ता हित की जो गारंटी है, उनका अध्ययन किया जाए. प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने सूचना प्रौद्योगिकी भवन में स्थित स्मार्ट मीटरिंग कंट्रोल सेन्टर का निरीक्षण किया और स्मार्ट मीटरिंग की संचार प्रणाली के द्वारा जो डाटा हासिल हो रहा है उसको लाइव देखा और स्मार्ट मीटर स्थापना के कार्य की प्रगति की समीक्षा की.

# प्रायोगिक और आंतरिक अंकों के सुधार को मिला अंतिम मौका

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 मार्च. बोर्ड परीक्षा के बीच कई विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर आई है. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की प्रायोगिक और आंतरिक परीक्षाओं के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि और त्रुटि सुधार के लिए संस्थाओं को अंतिम अवसर दिया है.**

इससे उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जिनके अंक अब तक पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पाए थे या जिनमें गलती रह गई थी. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिन संस्थाओं ने निर्धारित तिथि तक प्रायोगिक




या आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन दर्ज नहीं किए हैं, उन्हें अब 17 मार्च तक अंतिम अवसर दिया गया है. बता दें इस तिथि तक भी अंक दर्ज नहीं किए जाते हैं तो संबंधित विद्यार्थियों का परिणाम उस विषय में अनुपस्थित माना जा सकता है. मंडल ने यह भी स्पष्ट किया है प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में सुधार केवल एक बार जिला समन्वयक संस्था के प्राचार्य के लॉगिन से किया जा सकेगा.

# महिला के बैंक खाते से 4 लाख गायब

**भोपाल.** मिसरोद थाना इलाके में एक महिला के खाते से 4 लाख रुपये जालसाजों ने उड़ा दिए. पीड़िता ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है. पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है.

शालिनी पति शरद (70) सागर इंडन गार्डन निवासी हैं. शालिनी एक टिफिन सेंटर चलाती हैं. काम से होने वाली आय को वह अपने बैंक अकांउट में जमा करती है. उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते नवंबर महीने में उन्होंने अपने बैंक खाते में चार लाख रुपए कम दिखने पर बैंक कर्मियों से बात की. इस बीच पीड़ित ने मोबाइल पर आए मैसेज चेक किया तो पाया कि उसके खाते से दो-दो लाख रुपए की रकम दो बार में निकाली गई है.

# ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने सड़कों पर उतरे अधिकारी

- जाम की समस्या से आम लोगों को मिली राहत


नीरज मिश्रा, नवभारत

**भोपाल, 13 मार्च. एमपी नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या न हो इसके लिए देर शाम को यातायात पुलिस अधिकारी खुद भी सड़कों पर उतरे और व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी. शुक्रवार को ट्रैफिक एसीपी जोन-2 मिलन जैन, सहित अधिकारियों की अगुवाई में पुलिसकर्मी बोर्ड ऑफिस, डीबी माल सहित चौराहों पर अलर्ट दिखे. इस दौरान वाहन चालक भी ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए नजर आए और कहीं भी जाम की स्थिति नजर नहीं आई.**

ज्योति टॉकीज चौराहे पर




पीडब्लूडी का निर्माण कार्य जारी है. यातायात पुलिस विभाग ने इस मार्ग पर अस्थाई तौर पर आवागमन प्रतिबंध की सूचना जारी पूर्व में ही की है. चौराहों पर ट्रैफिक संबंधित समस्या न हो इसको ध्यान में रखते हुए अधिकारी खुद भी जिम्मेदारी संभालते नजर आए. वहीं एमपी नगर थाने के सामने ग्रीन सिग्नल चौराहे पर बीते कई दिनों से पुलिस ने संकेतक रखे हैं, जिससे वाहन चालकों को एक तरफ से दूसरे तरफ जाने में किसी तरह की समस्या न हो.



अधिकारियों के सड़क पर आने से सड़कों और चौराहों पर जाम की समस्या नजर नहीं आई. वाहन चालक नियमों का पालन करते दिख रहे हैं.

**सुरेश,** राहगीर



ज्योति टॉकीज से बोर्ड की तरफ जाने में कहीं भी जाम नजर नहीं आया. सभी चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती से असर दिखा.

**जगदीश,** राहगीर



बोर्ड ऑफिस से डीबी माल चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर कई बार चार पहिया वाहन चालक वाहनों को खड़ा करते हैं, जिससे ट्रैफिक का दबाव दिखता है.

**अनिल,** राहगीर

# व्यापारी से 55 लाख रुपये की लूटने वाले गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल.** श्यामला हिल्स थाना इलाके में व्यापारी से 55 लाख रुपये की लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के इरादे से 2 बदमाश मुंबई पहुंचे थे. भोपाल पुलिस ने वारदात में शामिल सभी 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है.

बता दें कि बीते 8 मार्च को 27 वर्षीय तारक बरोठे और उनके भाई के साथ 55 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया. फरियादी ने यह रकम प्रॉपर्टी खरीदने के लिए व्यापारियों से जुटाई थी. बरोठे जब अपनी स्कूटी से चूना भट्टी अपने आवास के लिए हनुमानगंज से लौट रहे थे. तभी छह बदमाशों ने उनके साथ लूट की थी.